प्लाईवुड उद्योग को बढ़ावा देने के लिये हरियाणा में पहला वन अनुसंधान संस्थान

चर्चा में क्यों?

15 मई, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यमुनानगर के जगाधरी में राज्य में प्लाईवुड उद्योग को बढ़ावा देने के लिये 50 करोड़ रुपए की लागत से पहला वन अनुसंधान संस्थान स्थापित करने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- यह घोषणा मुख्यमंत्री ने जगाधरी में हुई हरियाणा प्रगति रैली में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए की। इससे पूर्व उन्होंने लगभग 334 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।
- इसके अलावा मुख्यमंत्री ने सढ़ोरा के 10 बेड के अस्पताल को 50 बेड का अस्पताल करने, किशनपुरा गाँव में 14 एकड़ ज़मीन पर नया कॉलेज भवन बनाने, फारुखपुर स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल बनाने के साथ-साथ ज़िला यमुनानगर के चारों विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों के लिये कुल 680 करोड़ रुपए देने की घोषणाएँ भी की।
- मनोहर लाल खट्टर ने बताया कि व्यापार को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार द्वारा हर ब्लॉक में 50 से 100 एकड़ में एक औद्योगिक क्लस्टर बनाने की योजना है, ताकि नौजवानों को रोज़गार के अवसर मिलें। यमुनानगर के पाँचों खंडों में पाँच क्लस्टर बनाए जाएंगे।
- उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ के आसपास के ज़िलों, यानी- पंचकूला, यमुनानगर, अंबाला तथा कुरुक्षेत्र में गुरुग्राम की तर्ज़ पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-forest-research-institute-in-haryana